पंजाब केसरी 23/09/24

पंजाबी भाषा में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग, स्थिति एवं संभावनाओं पर हुआ विशेष व्याख्यान

अम्बाला, 22 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में पंजाबी भाषा में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग, स्थिति एवं संभावनाओं पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। पंजाबी विभाग द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस व्याख्यान में पंजाबी भाषा में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग पर जोर दिया गया।

व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रोफैसर उपेंद्र कौर ने इस विषय पर अपने विशेष अनुभव और ज्ञान को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। पंजाबी भाषा सबसे ज्यादा बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में तकनीकी शिक्षा पर काम हो रहा है, जिसे निश्चित तौर पर विद्यार्थियों को बहुत लाभ होगा उन्होंने गुरबाणी लिपि फोंट, अनमोल लिपि फोंट, अनमोल यूनिकोड फॉन्ट, आवाज फोंट, जोय फोंट, सतलुज फोंट, डा. चत्रिक फोंट पर विस्तार से चर्चा की।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में पंजाबी भाषा में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग, स्थिति एवं संभावनाओं पर आयोजित व्याख्यान में भाग लेतीं प्राध्यापिकाएं। (देवदत्त)

पंजाबी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. जसवीर कौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंजाबी भाषा में तकनीकी उपयोग के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विद्यार्थियों को जानकारी देना था, ताकि आने वाले समय में विद्यार्थी इस दिशा में विशेषज्ञता हासिल कर रोजगार के नए आयाम स्थापित कर सकें। इस अवसर पर जनसंचार विभाग की प्राध्यापिका सुषमा शर्मा, समाज शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका मनदीप कौर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।